हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 03 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

12 मरार समाज नर्राराज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ...



12 हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम





## खबर संक्षेप



### पुरानी बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** परसकोल के व्यक्ति के साथ पुरानी बातों को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गंगाराम बरिहा निवासी परसकोल ने बताया कि एक अप्रैल की रात गांव में कीर्तन के संबंध में मीटिंग रखा गया था। जब वह वापस लौट रहा था तब बैगापारा चौक के पास पुरानी बातों को लेकर चिंटू साहू ने गाली गलौज शुरू कर दी। जिसे सुनकर पुरूषोत्तम साहू ने भी आकर चिंटू साहू के साथ एक राय होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### कपड़ा दुकान और च्वॉइस सेंटर में चोरी



**महासमुंद।** नगर के एक दुकान और च्वाईस सेंटर में हुई चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अभय राज लूनिया जैन पिता देवराज लूनिया ने बताया कि उसकी देवचंद फैशन के नाम से दुकान रायपुर रोड महासमुंद में स्थित है। 31 मार्च की रात लगभग 3 बजे उसकी दुकान से अज्ञात चोर ने नगद 40 हजार रुपए नगद की चोरी कर ली, साथ कैश बाक्स को लेकर चले गए। इसके अलावा उसकी दुकान के सामने लक्ष्मी च्वाईस सेंटर मालिक मोहन यादव के दुकान में भी इसी दरमियान अज्ञात चोरो के द्वारा 60,000 रुपए की चोरी की गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक चालक के कब्जे से देसी मसाला शराब जब्त

**महासमुंद।** रेलवे फाटक बेलसोंडा के पास कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चालक के कब्जे से देशी मसाला शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी इरफान खान पिता यूसुफ खान (21 साल) निवासी वार्ड नं0 03 स्टेशन पारा महासमुंद के कब्जे से 50 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 5000 रुपए रुपए और एक बाइक को बरामत कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### अर्थदंड और बस्ती से अलग करने की धमकी आठ के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेलकला में पंचायत चुनाव प्रचार की बात को लेकर दो व्यक्तियों को बस्ती से अलग करने की धमकी देकर 25-25 हजार रुपए अर्थदंड देने संबंधी दबाव बनाने संबंधी शिकायत आवेदन की जांच के बाद पटेवा पुलिस ने आठ लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आवेदक उकेश चक्रधारी व लक्ष्मीनारायण चक्रधारी निवासी ग्राम बरेकेल कला थाना पटेवा द्वारा पंचायत चुनाव की बात को लेकर आरोपी दशरथ दीवान प्रहलाद दीवान प्रकाश चंद्राकर कुबेर चक्रधारी भुवन दीवान विजय गुप्ता दुकालू चक्र धारी, विष्णु दीवान के विरूद्ध बस्ती से अलग कर 25-25 हजार अर्थदंड करने व अर्थदंड देने दबाव बनाने संबंधी शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच के पुलिस ने पटेवा थाने में उक्त आरोपियों के विरूद्ध धारा 308(3) 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# रिहायशी इलाके की ओर रुख करने वाले 4 बायसन फिर से भेजे गए जंगल की ओर

## बारनवापारा से भटककर आबादी के करीब आने के चलते ग्रामीण चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

जिले से लगे बारनयापारा अभ्यारण्य

- स्थानीय वन अमला भी असमंजस में नजर आया

से भटककर चार बायसन क्षेत्र के लखनपुर ग्राम के आबादी क्षेत्र के करीब पहुंच गए। एक तरफ जहां ग्रामीणों में इन्हें देखने का कौतूहल था वहीं दूसरी और इन वन्य जीवों के क्षेत्र में और आबादी के करीब आने के चलते ग्रामीण चिंतित नजर आए। वहीं स्थानीय वन अमला भी असमंजस में नजर आया। जानकारी के मुताबिक, ये चारों बायसन झलप नाका तालाब के रास्ते होते हुए सीधे आगे बढ़ रहे थे। जब ये लखनपुर के पास पहुंचे, तो वहां खेतों में धान की खड़ी फसल पर खतरा भांपते हुए किसान और ग्रामीण जुट गए ग्रामीणों ने एकजुट होकर जैसे ही हो-हल्ला करना शुरू किया, बायसनों का यह दल खेतों में घुसने के बजाय झलप की ओर मुड़ गए।

### हाईवे पर चला 'हाई वोल्टेज' रेस्क्यू

जंगली बायसनों के वापस आबादी और हाईवे की तरफ मुड़ने से वन विभाग की टीम की चुनौतियां और बढ़ गईं। भारी-भरकम बायसनों को नियंत्रित करना और उन्हें सुरक्षित रास्ता देना विभाग के लिए चुनौती साबित हुआ। कड़ी मशक्कत के बाद नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रुकवाया गया और चारों बायसनों को सुरक्षित पार कराया गया।



### तेलीबांधा से कुर्रूभाठा की ओर रवानगी

हाईवे पार कराने के बाद, वन अमले ने घेराबंदी तेज की और इन बायसनों को तेलीबांधा के रास्ते कुर्रूभाठा के जंगलों की तरफ खदेड़ा। घंटों चले इस तनावपूर्ण घटनाक्रम के बाद जब बायसनों ने जंगल की सीमा में दाखिल हुए, तब जाकर विभाग और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान रामपुरी गोस्वामी वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बोडरा, बाजन सिंह डडसेना वनपाल परिसर तुरेंगा, देवकुमार ध्रुव वनरक्षक परिसर जोगीडीपा, भागा साहू वनरक्षक परिसर रामपुर एवं बोडरा सर्किल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## विवाद : कांग्रेस के आला नेताओं के सामने जमकर मारपीट

# जुबानी जंग के बाद अखाड़े में तब्दील हुआ कांग्रेस भवन


हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- वर्तमान और पूर्व जिला पदाधिकारियों के बीच जमकर मारपीट, महिला कांग्रेसियों के सामने गाली-गलौच से माहौल हुआ शर्मसार

कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी में नवपदस्थ पदाधिकारी और पूर्व पदाधिकारी के बीच गुरुवार को कांग्रेस के आला नेताओं की मौजूदगी में जमकर मारपीट हुई। यह घटना जिला कांग्रेस कमेटी के पत्रकार वार्ता के बाद हुआ। मारपीट इस स्तर पर थी की बीच बचाव करने वाले कांग्रेसियों को भी चोटें आई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेसी पदाधिकारी पत्रकार वार्ता के बाद कार्यालय में साथ बैठे थे उसी दौरान हाल ही में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त हुए विजय साव ने पत्रकार वार्ता में कांग्रेसजनों की कम उपस्थिति को लेकर सवाल उठाए। पार्टी पदाधिकारियों को सूचना सही तरीके से नही दिए जाने के मुद्दे पर बहस होने लगी। जिसके बाद भीषण मारपीट शुरू हो गई। जवाब में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष निर्मल बरड़िया ने सभी को ग्रुप में मैसेज भेज देने की बात कही। इस गरमा-गरमी के बीच दोनों में हाथापाई के बाद जमकर मारपीट शुरु हो गई। इस दौरान मौजूद कांग्रेसी नेताओं ने बीच बचाव किया। लेकिन, इसके बाद होने वाला घटनाक्रम काफी चौंकाने वाला रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिला उपाध्यक्ष विजय साव ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों की मौजूदगी में कुर्सियों, कांच के गिलास और खिड़की दरवाजों में तोड़फोड़ की। मामले को काबू में लाने तत्काल पुलिस बुलाई गई और विजय साव को कोतवाली थाना ले जाया गया। बाद में निर्मल बरड़िया भी साथी कांग्रेसजनों के साथ थाना पहुंचे। जहां मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।







### अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी

जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने इस मामले को लेकर मीडियाकर्मियों से कहा कि हाल ही में नियुक्त हुए जिला उपाध्यक्ष द्वारा मारपीट के बाद कांग्रेस भवन में की गई तोड़फोड़ निश्चित ही गैर जिम्मेदाराना है। इसके लिए उनसे जबाव तलब करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### घटना के दौरान यह रहे मौजूद

घटना के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला, सोनम बंसोड़, अमन चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, विजय बंजारे, नितेंद्र बनर्जी, गणेश शर्मा सहित अन्य महिला और पुरुष कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। महिला कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुए इस विवाद और गाली-गलौच से पूरा कांग्रेस भवन शर्मसार हो गया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति का सैलाब

## भव्य शोभायात्रा और भंडारों से धर्ममय हुआ वातावरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नगर सहित पूरे जिले में सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर नगर में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभा यात्रा में भगवान हनुमान की आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। डीजे और बैंड-बाजे की थाप पर श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। पूरी शोभा यात्रा के दौरान जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। जगह-जगह पर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के प्राचीन और प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष साज-सजावट की गई थी। सुबह से ही मंदिरों में अभिषेक, आरती और सुंदरकांड के पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था। नगर के संकटमोचन हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर और अन्य चौक-चौराहों पर स्थित मंदिरों में भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। नगर में कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। राहगीरों के लिए शीतल जल और शरबत की व्यवस्था भी कई सामाजिक संगठनों द्वारा की गई थी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही धूम

हनुमान जन्मोत्सव का उत्साह केवल शहर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसे बड़े पैमाने पर मनाया गया। बागबाहरा, सरायपाली, पिथौरा और बसना जैसे तहसील मुख्यालयों सहित दूर-दराज के गांवों में स्थित हनुमान मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। गांवों में रामायण पाठ और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिससे ग्रामीण अंचलों का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पूरे जिले में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया था। इस पर्व ने जिले के लोगों को एकजुट करने का काम किया। शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुई इस शोभा यात्रा और धार्मिक कार्यक्रमों ने समाज में सद्भावना और भक्ति का संदेश दिया। देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और प्रसाद वितरण का कार्य चलता रहा।

# जिले की पुलिस ने चलाया अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले की पुलिस और एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स ने अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सरायपाली, बागबाहरा, चौकी बुंदेली व थाना खल्लारी पुलिस ने 5 ठिकानों पर दबिश देकर कुल 55 लीटर महुआ शराब व 18 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद किए। इन मामलों में 4 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इस अभियान के तहत सरायपाली पुलिस ने आरोपी मनबोध चौहान पिता कार्तिकराम चौहान (46 साल) ग्राम आंवला चक्का (लक्ष्मीपुर) के कब्जे से रोमियो देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए तथा 20 लीटर हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए तथा आरोपी शैलेंद्र दास पिता सेवक दास (45 साल) निवासी ग्राम विवातीपाली के कब्जे से 16 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमती 3200 रुपए को बरामद किया। थाना तेंदूकोना अंतर्गत चौकी बुंदेली पुलिस के द्वारा करीबन 15 लीटर महुआ शराब बरामद कर आरोपी प्रेमलाल दीवान पिता स्व. मंगन दीवान (45 वर्ष) रामनगर बुंदेली के विरूद्ध कार्रवाई की गई। बागबाहरा पुलिस ने आरोपी- दिलीप चौहान पिता मोती लाल चौहान (40 साल) निवासी वार्ड नंबर 01 भानपुर बागबाहरा के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया। वहीं खल्लारी पुलिस ने ग्राम कुरुभाटा जंगल के अंदर अवैध महुआ शराब की सूचना पर छापा मारकर मौके पर जंगल के अंदर 4 ड्रम महुआ पास को बरामद नष्ट किया।



# दो करोड़ से ज्यादा की अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नारकोटिक टास्क फोर्स एवं सिंघोड़ा पुलिस ने अफीम की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो करोड़ 14 लाख 80 हजार रुपए का 1432 किलो अफीम पोस्त डोडा बरामद किया गया है। तस्करी के दोनों आरोपी हरियाणा के निवेसी हैं। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिकअप एचआर 46 एफ 4848 में दो व्यक्ति अफीम पोस्ट डोडा रखकर ओडिशा की ओर से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड रेहटीखोल पहुंच कर नाकाबंदी कर उक्त वाहन को रोका।





वाहन में बैठे लोगों ने पूछताछ में चालक ने अपना नाम हरविंदर सिंह पिता गुरुमुख सिंह (40 साल) म.नं.1722 गली नंबर 03 शांतिनगर करनाल थाना करनाल जिला करनाल (हरियाणा) एवं बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सत्यवान वाल्मीकि पिता मांगेराम (40 साल) म.न. 2268/3 शांति नगर करनाल थाना करनाल जिला करनाल (हरियाणा) होना बताया। साथ ही वाहन में रखी बोरियों अफीम पोस्त डोडा होना बताया, जिसे गुमला झारखंड से रायपुर ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1432 किलोग्राम अफीम पोस्त डोडा कीमत 2,14,80,000 रुपए, वाहन कीमत 10,00,000 रुपए, 2 नग मोबाईल कीमत 20,000 रुपए कुल कीमती 2,25,00,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 18 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### क्षेत्र के विकास को मिली नई रफ्तार: बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति



जारी रहेगी विकास कार्यों की यह श्रृंखला : द्वारिकाधीश

**महासमुंद।** खल्लारी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहाझर-गांजर रेवा मुख्य मार्ग इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण (पुल-पुलिया सहित) कार्य को स्वीकृति मिली है। इसकी कुल लंबाई 25.90 किमी (किमी 1/2 से 26/10) है, जिसके लिए 74.15 रुपए करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके निर्माण से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा। वहीं दुरुगपाली-फुटगुना मार्ग इस मार्ग के निर्माण के लिए 3.00 किमी लंबाई के लिए 3.61 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क स्थानीय गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास, जनता की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़क निर्माण कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी और हर गांव तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# जनता को बिजली का झटका देना बंद करे सरकार, प्रबंधन सुधारे : आप

## आप ने कहा- बिजली सरप्लस छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि जनता के साथ अन्याय के खिलाफ बिजली ऑफिस का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रदेश में बढ़ोत्तरी के साथ प्रस्तावित बिजली दर और बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सरकार को जनता पर बार-बार बिजली दर बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने के बजाय बिजली उत्पादन और प्रबंधन सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर तकनीक का दुरुपयोग और लगातार खराब प्रबंधन से आम जनता त्रस्त है। यह स्थिति दर्शाती है कि ऊर्जा विभाग पूरी तरह ब्यूरोक्रेट्स के प्रभाव में काम कर रहा है, जिससे जनहित की अनदेखी हो रही है। आप ने हाल ही में लागू किए गए नए टेंडर सिस्टम को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, प्रदेश सचिव संतोष चन्द्राकर, प्रदेश सह सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक के नेतृत्व में महासमुंद अधीक्षण अभियंता कार्यालय (बिजली विभाग) का घेराव कर कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के के हाथों मुख्यमंत्री और एमडी रायपुर के नाम से ज्ञापन सौंपा। भूपेंद्र चंद्राकर ने मांग रखते हुए कहा कि प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए, बिजली विभाग के वर्तमान एमडी को तुरंत बदला जाए, बड़े अधिकारियों के कार्यों की कड़ी समीक्षा की जाए, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, स्मार्ट मीटर व्यवस्था में सुधार कर जनता को राहत दी जाए। अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। पिथौरा, मुनगासेर, बसना, सरायपाली क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए, शहरी क्षेत्र में स्थित अवैध कालोनी के निवासियों को उनके क्षेत्र में विद्युतीकरण कर स्थाई विद्युत कनेक्शन प्रदान करे, ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर, केबल, विद्युत सामग्री, स्थाई कनेक्शन, परिवहन के नाम से हो रहे हैं अवैध वसूली को समाप्त किया जाए, राज्य शासन टारगेट व्यवस्था को समाप्त कर सभी किसानों के अस्थायी विद्युत कनेक्शन को स्थाई करे, बिजली विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है। जिसके कारण आम जनता का काम समय पर नही हो पा है, उनकी नियुक्ति तत्काल कराई जाए। जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने सरकार को चेतावनी देती हुए कहा कि यदि सरकार बिजली दर वृद्धि करती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के साथ मिलकर इससे भी बड़ा उग्र आंदोलन करेगी। प्रदेश सहसचिव संजय यादव ने कहा कुप्रबंधन पर सरकार को वितरण कंपनी के एमडी से इस्तीफा लिया जाना चाहिए। साथ ही यदि प्रदेश के बड़े बकायादारों सरकारी विभाग लगभग 3500 करोड़ और हजारों करोड़ निजी उद्योगपतियों से सरकार पेंडिंग बिजली बिल की वसूली या बिजली कनेक्शन नहीं काटती है तो 1 मई 2026 के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जाकर उनका बिजली कनेक्शन काटेंगे। घेराव के दौरान प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी के सकील खान, मधुराम यादव, मेघा चन्द्राकर, पूनाराम निषाद, मोहन साहू, भागवत साहू, अगेश्वर यादव, रामदयाल पटेल, अजय टोंड्रे, ललित ध्रुव, रूपचंद चक्रधारी, मेहतरू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



# वर्तमान में हिंदू और हिंदुत्व की सही समझ विकसित करना आवश्यक: विष्णु गिरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन द्वारा आयोजित संत समागम एवं राष्ट्रीय अधिवेशन शहर के शंकराचार्य भवन में आध्यात्मिक वातावरण के बीच हुआ। आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से संत-महात्मा, संगठन के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां सभी प्रमुख अतिथियों एवं संतों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर आयोजन की सफलता एवं राष्ट्र कल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात अतिथियों का काफिला महासमुंद शहर की ओर रवाना हुआ। शहर पहुंचने पर खैरा चौक से शंकराचार्य भवन तक स्वागत यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए नजर आए। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और भारत माता के जयघोष से गूंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

शंकराचार्य भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान श्रीराम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। पश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे एवं संगठन के अन्य पदाधिकारियों द्वारा संतों एवं अतिथियों का पुष्पमालाओं एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। अधिवेशन के दौरान विभिन्न संतों एवं वक्ताओं ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में हिंदू धर्म, सनातन संस्कृति एवं हिंदुत्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु गिरि (पंच दशनाम जूना अखाड़ा) ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में हिंदू और हिंदुत्व की सही समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलन ही धर्म की रक्षा का आधार है, किंतु आज संतों के विचारों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्वामी त्रिलोक स्वरूप (पूर्व शंकराचार्य, शारदापीठ) ने अपने उद्बोधन में सनातन परंपरा की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना भारतीय संस्कृति की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि हिंदू समाज ने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं किया, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटे।

जगतगुरु कल्कि महाराज ने समाज में एकता, समरसता एवं भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि आज के समय में सभी हिंदू समाज को जात-पात एवं छुआछूत जैसी कुरीतियों को त्यागकर एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक हम एक-दूसरे के दुख-दर्द को नहीं समझेंगे, तब तक सशक्त समाज का निर्माण संभव नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशचंद्र द्विवेदी ने संगठन की भूमिका एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन राष्ट्रहित एवं राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने जीवन में अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना को अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने गौ, गंगा एवं गायत्री को केंद्र में रखकर समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार, आगामी योजनाओं एवं विभिन्न प्रांतों में संगठन को मजबूत करने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न जिलों एवं राज्यों से आए पदाधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। अंत में प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे ने सभी संतों, अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व संयुक्त निदेशक एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ प्रदेशप्रभारी सरजू तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे, प्रदेश महामंत्री जगेश राय, प्रदेश उपाध्यक्ष देवकरण मरकाम, प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, शिक्षा एवम संस्कृति प्रवक्ता प्रदेश अध्यक्ष मीनकेतन दास, बस्तर संभाग प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, जिला अध्यक्ष महासमुंद राजेंद्र राजू चंद्राकर, जिला अध्यक्ष गरियाबंद दशरथ सिन्हा, जिला महामन्त्री रामलाल कुलदीप, जिला प्रभारी गरियाबंद मिनजुन साहू के साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### कार्यसमिति में मीडिया प्रभारी बने त्रिलोचन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के युवा कार्यकर्ता त्रिलोचन साहू को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला कार्यसमिति में मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इस पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुक्ति पर त्रिलोचन साहू ने कहा कि वे इस दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। वहीं इस भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके कर्तव्य निर्वहन से संगठन को नई मजबूती मिलेगी।



### उच्च शिक्षा संचालनालय में आयुक्त से की मुलाकात कई मुद्दों की चर्चा

**रायपुर।** नवीन सहायक प्राध्यापक एवं राजपत्रित अधिकारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उच्च शिक्षा संचालनालय में आयुक्त से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। इसी दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम वर्ष 2019 बैच के 862 सहायक प्राध्यापकों की परीक्षा अवधि समाप्ति आदेश जारी किए जाने के लिए आयुक्त का आभार जताया।

### लाफिनकला में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**महासमुंद।** ग्राम लाफिनकला में जय बजरंग मानस परिवार द्वारा 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। पश्चात खीर पूड़ी व बूंदी मिष्ठान का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष हरिराम साहू, कोषाध्यक्ष जनक राम साहू, मैनेजर संतराम साहू, संचालक व व्याख्याकार गोवर्धन साहू, पुजारी कृष्णकुमार वैष्णव, सदस्यगण पुरानिक साहू, जगदीश साहू, सुकदेव साहू, रामकुमार साहू, पंचराम साहू, पवन साहू, राजेंद्र साहू, चेमन साहू का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का हुआ पाठ

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हनुमान मंदिर के प्रांगण में ग्रामवासियों द्वारा हनुमान की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा व रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ किया गया। संध्या 5 बजे जय महावीर मानस मंडली अरंड द्वारा मानस गान का आयोजन किया गया। मानस गान में शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, गंगाधर निर्मलकर, भरत दीवान, कन्हैया ध्रुव, हुसन निर्मलकर, बसंत पटेल, पार्श्वनाथ ध्रुव, मन्नू लाल ध्रुव, शोभा राम ध्रुव, पीला लाल, शंकर भोई आदि उपस्थित थे।



### खट्टा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खट्टा में रामराज परिवार एवं विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी संगठन द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाल कर गली भ्रमण किया गया। तत्पश्चात हवन-पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में महासमुंद जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान शामिल हुईं। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, हवन-पूजन कर लोगों ने की मंगलकामना


**सरायपाली।** नगर सहित क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। सुबह से ही श्रद्धालु प्रसाद व पूजा सामग्री लिए हनुमान के मंदिरों में वंदना व पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे थे। वन विभाग परिसर में स्थित मनोकामना सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में अखंड हनुमान चालीसा पाठ में भारी संख्या में भक्त पहुंचे। हनुमान जयंती को लेकर नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी खासा उल्लास नजर आया। प्राचीन राम मंदिर में शुभ मुहूर्त में भक्तों ने प्रभु हनुमान की पूजा अर्चना की। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।



### फिल्टर संयंत्र प्रांगण में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**महासमुंद।** नगर पालिका द्वारा संचालित बेलसोंडा के फिल्टर संयंत्र प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किए तथा बजरंग बली की महाआरती की गई। इस मौके पर देवीचंद ने कहा कि हनुमान शक्ति के नाम से जाने जाते है। भगवान राम के अनन्य भक्त थे। वे आज भी अमरत्व के वरदान से जागृत है। भक्तों के संकट क्षण भर में हरण करते है। उनके जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके अलावा वार्ड क्र. 14 दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। कई मंदिर देवालय में भी पूजा की गई। फिल्टर प्लांट में नगर पालिका के जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर, नंदू साहू सहित प्लान्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे।





### मंदिर में हुई पंचमुखी हनुमान मूर्ति की स्थापना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित महामाया तालाब में नवनिर्मित मंदिर में पंचमुखी हनुमान मूर्ति की स्थापना हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को की गई। मंगलवार को महिलाओं द्वारा राम जानकी मंदिर में जल अर्पित किया। कलश शोभायात्रा का प्रारंभ राम मंदिर से साहूपारा, बाजार चौक से कार्यक्रम स्थल बड़े तालाब में पहुंची। प्रातः हनुमान सुंदर कांड का पाठ किया गया। पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज ने मंदिर में वैदिक पूजन मंत्रोचार के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना व ध्वजारोहण किया। दोपहर 12 बजे हवन पूजा में पूर्णाहुति डाली गई। गुरुवार को श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर हीरा सिंग पटेल, देवनाथ साहू, ओमकार पटेल, बंशी साहू, शिवराज साहू, नेता पटेल, जनपद सदस्य विष्णु साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, भोला चंद्राकर, विशाल निषाद, यशवंत चंद्राकर, डूमेश चंद्राकर, गोपाल पटेल, देवानंद निषाद, पीयूष साहू, प्रकाश चंद्राकर, घनश्याम साहू, पीतांबर चंद्राकर, सूर्यप्रताप चंद्राकर, भीमसेन साहू, केशव साहू, गुलाब कन्नौजी आदि मौजूद रहे।

### 5वीं की परीक्षा में नकल कराती शिक्षिका का वीडियो वायरल, छात्रों ने घेरा शिक्षा कार्यालय




**रायपुर।** पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा पर एक बार फिर प्रश्नचिन्ह लग गया है। मामला शंकर नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला 'अभ्यास' का है। यहां हाल ही में आयोजित पांचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। वायारल वीडियो के अनुसार परीक्षा कक्ष में तैनात शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों को सुनियोजित तरीके से नकल कराई गई। इसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव किया। अभाविप ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण में संलिप्त दोषी शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए तथा उनके विरुद्ध सख्त विभागीय जांच सुनिश्चित की जाए।



### अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में ईशा रही अव्वल

**महासमुंद।** विद्या भारती ग्राम भारती शिक्षा संस्थान द्वारा अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में महासमुंद जिला से विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा की छात्रा ईशा साहू ने कक्षा अष्टम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संयोजक नेकेश देवांगन, प्रधानाचार्य मायाराम ध्रुव, वरिष्ठ आचार्य तिलक चंद साहू, रेवती यादव, उर्वशी साहू, कौशल्या गोस्वामी, अमृता सेन, दीपशिखा निर्मलकर, ममता ध्रुव, नर्मदा दीवान, गुंजा गजेंद्र, मीना चक्रधारी एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

## 3 प्रतिशत महंगाई राहत, कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था और 27 माह से एरियर्स भुगतान नहीं, पेंशनरों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन की आम बैठक बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, तहसील अध्यक्ष राम कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। भीषण गर्मी एवं गर्म हवा के बीच अनेक बुजुर्ग पेंशनरों ने इस बैठक में सम्मिलित होकर गतिविधियों में भाग लेकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। बैठक का प्रारंभ सरस्वती माता की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जलन के साथ हुआ। गायत्री परिवार के आचार्य भगत ने मंत्रोच्चारण के साथ करते हुए सभी पेंशनरों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

आध्यात्मिक तथ्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि 19 मार्च को नए संवत का प्रारंभ हुआ है, इस संवत को रौद्र विक्रम संवत 2026 कहा जाता है। इसी माह 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को फांसी दी गयी। उनके बलिदान को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। पेंशनर्स एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। बाद संगठन के नए सदस्यगण क्रमशः अशोक साहू, विष्णुराम साहू की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी एवं पुत्र का स्वागत गुलाल लगाकर व श्रीफल भेंटकर किया गया। स्वागत वरिष्ठ सदस्य आरके श्रीवास्तव ने शासन द्वारा पेंशनरों के प्रति की जा रही उपेक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज तक 3 प्रतिशत महंगाई राहत नही देने, पेशनरों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था का लाभ नही देने तथा पूर्व में सातवे वेतनमान में पेंशन निर्धारण कर देय तिथि से पेंशन न देकर विलंब से देकर आज तक 27 माह का एरियर्स भुगतान नही करने पर आक्रोश व्यक्त किया। इसी परिपेक्ष्य में वरिष्ठ सदस्य एलएन शर्मा ने 01 जनवरी 2026 से 31 जुलाई 2028 तक का 32 माह का एरियर्स भुगतान हेतु हाई कोर्ट द्वारा निर्णय देने के उपरांत भी शासन द्वारा आदेश जारी नही किये जाने का उल्लेख कर अगामी सम्मेलन में मांग पत्र में सम्मिलित करने की मांग की। संबोधन क्रम में बिसेन ने सदस्यों को अपने अधिकारों के लिए सजग रहने एवं स्वास्थय के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

अपने अध्यक्षीय उदबोधन में रामकुमार साहू ने प्रस्तावित अगामी सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए आज तक की प्रगति से सभी सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने सदस्यों से सम्मेलन में विभिन्न व्यवस्था व कार्यों में सहयोग देने की अपील की। अनेक सदस्यों ने स्वेच्छा से सम्मेलन के लिए सहयोग राशि कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी को दी। कार्यकारी अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा ने सभी सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या बल में सम्मेलन में भाग लेकर पेंशनर एकजुटता का प्रदर्शन करने का अनुरोध किया। संचालन सचिव शिवकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से चंद्रबदन मिश्रा उपाध्यक्ष, गोर्वधन साहू वरिष्ठ ग्रामीण उपाध्यक्ष, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री भूषण भोसले कार्यकारिणी सदस्य एनके शर्मा, विष्णु साहू, बिसेन, वरिष्ठ सदस्यगण क्रमशः मुरलीधर पटेल, बोधनलाल साहू, सतानंद यादव, यशवंत साहू, नारायण साहू, तिलचंद यादव, रामटहल निषाद, टीपी वर्मा, कोमन चंद्राकर, विष्णु प्रसाद, अर्जुनलाल, हेमलाल, माधोराम, रामकुमार साहू, उदेराम, ज्ञानसिंग चंदेल, घनश्याम, मनराखन, चोवाराम, टुकेश्वर गजेन्द, संतूराम, भगवान सिंह ध्रुव, कुमार चंद्राकर, भुनेश्वर विश्वकर्मा रेवाराम, एसके साहू, विनोद शर्मा, अशोक साहू, बिसौहाराम, माधोराम आदि मौजूद रहे।

### पहले दिन 18 पदों के लिए 69 फार्म बिके

## अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नामांकन फार्म की बिक्री शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अधिवक्ता संघ चुनाव की प्रक्रिया बुधवार से नामांकन फार्म की बिक्री के साथ शुरू होगी। नामांकन फार्म जिला न्यायालय परिसर के कक्ष क्रमांक-206 में वितरण किया जा रहा है। नामांकन फार्म के लिए दो दिन का समय निर्धारित किया है। पहले दिन बुधवार को 18 पदों के लिए 69 नामांकन फार्म खरीदे गए हैं। फार्म बिक्री का गुरुवार को अंतिम दिन है। इसके बाद नामांकन फार्म जमा की प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशी 4 मार्च तक नामांकन जमा करना है, वहीं 6 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी एवं प्रकाशन किया जाएगा। नाम वापसी के लिए 7 मार्च को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक समय निर्धारित है। इसके बाद चुनाव में खड़े रहने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी। चुनाव 17 मार्च को होगा।



### इन पदों के लिए नामांकन फार्म बिके

अधिवक्ता संघ के चुनाव मीडिया प्रभारी अमर गुरुबक्षाणी ने बताया कि नामांकन फार्म बिक्री के पहले दिन 16 पदों के लिए 69 नामांकन फार्म खरीदे गए हैं। इनमें क्रमशः अध्यक्ष पद के लिए 5, उपाध्यक्ष पुरूष के 5, उपाध्यक्ष महिला के 4, कोषाध्यक्ष के 4, सचिव के 4, सह सचिव पुरूष के 2, सहसचिव महिला के 3, ग्रंथालय सचिव के 1, सांस्कृतिक एवं क्रीडा सचिव महिला पद 1, कार्यकारिणी सदस्य पुरूष 6, कार्यकारिणी आरक्षित महिला पद के लिए 2 नामांकन फार्म की बिक्री हुई है।

## बिहाझर-गांजर-रेवा मार्ग के लिए राशि स्वीकृति पर विष्णु सरकार का माना आभार



**महासमुंद।** वर्ष 2024 25 के बजट में शामिल बिहाझर-गांजर-रेवा मार्ग के लिए विष्णु सरकार द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति 74.15 करोड रुपए होने पर खल्लारी क्षेत्र की जनता की ओर से विष्णु सरकार का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अलका चंद्राकर स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत शासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि वर्षों से बहुत प्रतीक्षित मांग को पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस सड़क की मांग को लेकर विभिन्न मंचों में क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर एवं भाजपाजन के साथ-साथ मेरे जिला पंचायत सदस्य होने से लेकर विभिन्न मंचों में ज्ञापन सौंपा गया एवं सन 2023 में पदयात्रा कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का घेराव भी किया गया था, जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिला। यह सड़क वर्तमान में 3 मीटर चौड़ी है। आए दिन दुर्घटना होती रहती है। इस मार्ग के चौड़ीकरण होने से दो राज्यों की सीमा ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क होगी। पर्यटन स्थल नरसिंहनाथ की दूरी कम हो जाएगी। लगभग 40 50 गांव के लोगों का निरंतर आवागमन होता है। खल्लारी विधानसभा का मुख्य सड़क बन जाने से क्षेत्र वासियों को लाभ होगा।

### जिला अस्पताल में हुआ जन्मजात मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

**रायपुर।** बस्तर के नौ वर्षीय बालक ललित मौर्य के जीवन में अब खुशियों का एक नया सवेरा हुआ है। जिले के विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नदीसागर के आश्रित ग्राम पराली का निवासी ललित जन्म से ही मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहा था। इस जन्मजात विकार के कारण वह दुनिया की खूबसूरती देखने में पूरी तरह असमर्थ था और उसका बचपन अंधेरे के साये में बीत रहा था। हालांकि ललित के मोतियाबिंद की पहचान पूर्व में ही हो गई थी, लेकिन सर्जरी को लेकर मन में बैठे डर और संशय के कारण उसके परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। ललित के उजाले की ओर बढ़ने का सफर 20 मार्च को बस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर से शुरू हुआ, जहाँ वह दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने पहुँचा था।

## साफ्टवेयर में दिक्कत के कारण वितरण प्रभावित, मार्च में 8 लाख हितग्राहियों को होना पड़ा खाद्यान्न से वंचित

- खाद्यान्न विभाग और एनआईसी अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के लगभग 8 लाख हितग्राहियों को मार्च में खाद्यान्न ही नहीं मिल पाया। या यू कहें कि इन सभी हितग्राहियों के एक महीने के कोटे का खाद्यान्न विभाग और एनआईसी अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया।

साफ्टवेयर अपडेट किए जाने के कारण प्रदेश में 5 दिन तक सभी उचित मूल्य की दुकानें बंद थीं, वहीं इसके बाद भी 3 दिन तक साफ्टवेयर में समस्या आने से वितरण प्रभावित रहा। इस तरह महीना खत्म होने के 3 दिन पहले ही हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का कार्य नियमित रूप से हो पाया। यही कारण है कि लाखों की संख्या में हितग्राहियों का खाद्यान्न लैप्स हो गया, क्योंकि अभी तक छूटे हुए हितग्राहियों को खाद्यान्न बांटने के लिए शासन स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

### 80 लाख 58 हजार में 71 लाख 72 हजार ही खाद्यान्न वितरण

विभागीय आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च की स्थिति में पूरे प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों में 71 लाख 72 हजार 535 राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण किया गया, जबकि पंजीकृत राशन कार्डों की संख्या 80 लाख 58 हजार 333 है। इस तरह 8 लाख से भी अधिक कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। इस तरह छूटे हुए कार्ड धारकों का एक महीने का खाद्यान्न लैप्स हो गया, क्योंकि उचित मूल्य दुकानों की ई-पॉस मशीन के साफ्टवेयर में हर माह की अंतिम तारीख खत्म होते ही उस माह का आवंटन आईडी भी ब्लॉक हो जाता है, जिसके कारण वितरण भी नहीं हो पाता।



### प्रस्ताव भेजा गया है

*छूटे हुए कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण के लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलने पर वितरण किया जाएगा। - **कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर***

*छूटे हुए वितरण के लिए आईडी खोलना होगा : छूटे हुए कार्ड धारकों को मार्च का खाद्यान्न वितरण करने के लिए उस महीने की ब्लॉक हुई आईडी को खोलना होगा। सूत्रों के अनुसार जिन-जिन जिलों में खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत 85 प्रतिशत से अधिक पर 95 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया है, ऐसे सभी जिलों से वितरण की तारीख बढ़ाए जाने के लिए संचालनालय में आवेदन भी भेज रहे हैं। रायपुर जिले में भी 93 प्रतिशत वितरण हुआ है, शेष कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण के लिए तारीख बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव विभाग ने भेजा है।*

### जिलेवार वितरण का प्रतिशत (1 से 31 मार्च तक)

बालोद 92.18, बलौदाबाजार 85.46, बलरामपुर 93.48, बस्तर 87.68, बेमेतरा 86.49, बीजापुर 86.96, बिलासपुर 88.78, दंतेवाड़ा 77.09, धमतरी 93.32, दुर्ग 88.70, गरियाबंद 87.91, गौरेला-पेंड्रा मरवाही 89.79, जांजगीर 84.64, जशपुर 91.43, कांकेर 86.56, कवर्धा 88.70, खैरागढ़-छुईखदान गंडई 96.15, कोंडागांव 85.99, कोरबा 80.22, कोरिया 94.17, महासमुंद 84.12, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी 91.72, मोहला-मानपुर 93.67, मुंगेली 90.68, नारायणपुर 86.12, रायगढ़ 90.98, रायपुर 93.07, राजनांदगांव 92.13, सक्ती 89.58, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 89.06, सरगुजा 89.06, सुकमा 78.27 एवं सूरजपुर 96.11 प्रतिशत कार्ड धारकों को वितरण हुआ है।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 22 में शेड निर्माण के लिए नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव पर वार्ड 22 के नागरिकों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने एक और सौगात दी है। अब सार्वजनिक कार्यक्रमों व धार्मिक आयोजनों के लिए सुव्यवस्थित स्थान वार्ड 22 के लोगों को मिल सकेगा। अध्यक्ष निधि से पालिका अध्यक्ष साहू ने आज यहां शेड निर्माण के लिए आज वार्ड पार्षद व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष साहू ने शेड निर्माण के लिए वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि वार्डवासियों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करना ही मेरा पहला कर्तव्य है। हनुमान मंदिर के सामने शेड लगने से अब धार्मिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, सभापति जय देवांगन, पार्षद पवन पटेल, मुश्ताक खान, जरीना हाफिज कुरैशी, धनेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, वार्डवासी आरती वर्मा, शकुन वर्मा, कालेंद्रीबाई, पुष्पा साहू, लक्ष्मी यादव, सुशीला, नीलिमा मार्कंडे, नीरा बाई चौहान, अनुसुइया, रेवती चंद्राकर, रेखा बेलदार, भावेश निर्मलकर, कुणाल निर्मलकर, जान्हवी महानंद, मिलेश सिन्हा, हेमिन देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### डाइट में खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरुकता पर विज्ञान मेले का आयोजन

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य के मार्गदर्शन में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक दुर्गा सिन्हा ने कहा कि विज्ञान पढ़ने का नहीं अथवा सीखने का विषय है। अतः इस तरह के आयोजनों से हम बच्चों में कर के सीखने की अभिवृत्ति को विकसित करना चाहते हैं। संस्था के उपप्राचार्य उमा देवी शर्मा ने कहा कि आज के समय में खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण विषय है। क्योंकि, हमारा देश मधुमेह और कैंसर का गढ़ बनता जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम जाने की हम क्या खा रहे हैं। कार्यक्रम में रूपाली, पायल, गगन, माधुरी, धनेश्वरी, मीना ठाकुर, निकिता धर्मेंद्र, मन्नू, शुभम, टोमन, सुधांशु, जगौतिन, प्रीति, खिलेश्वरी, समीक्षा ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज ने किया। कार्यक्रम में डॉ श्वेतलाना नागल सहायक प्राध्यापक माता कर्मा महिला महाविद्यालय को विज्ञान में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# स्वामित्व पट्टा, किसान किताब और अविवादित नामांतरण प्रकरण का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं आम नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन इस माह सभी ग्राम पंचायतों में 15 अप्रैल तक किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा शिविर का आज दूसरा दिन है। तैयार रोस्टर के अनुसार शिविरों का संचालन किया जा रहा है और प्रत्येक शिविर में संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहकर कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं।

इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं तहसील स्तर पर आयोजित राजस्व शिविरों में ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों एवं राजस्व संबंधी समस्याओं जैसे अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, भू-अभिलेख सुधार, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम बिजराभाठा में स्वामित्व पट्टा का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम अरंड, ग्राम भलेसर, झलप, खल्लारी, अनसुला, बगारपाली, घोंच एवं ग्राम केंदुवा में शिविर का आयोजन किया गया। जहां पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व पट्टा, नामांतरण आदेश, सीमांकन पत्र, ऋण पुस्तिका, नक्शा प्रतिलिपि सहित अन्य आवश्यक राजस्व दस्तावेजों का वितरण किया गया।



इससे ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इसके अलावा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। शिविर में पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्व पखवाड़ा का आगामी आयोजन मई माह में 4 से 18 मई तक एवं जून में 1 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर लंगेह ने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे शिविरों में उपस्थित रहकर पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ कार्य करें तथा आम जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करें। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, डायवर्सन, नक्शा सुधार, वृक्ष कटाई अनुमति सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही प्रत्येक ग्राम में मुनादी कराकर लोगों को शिविरों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन शिविरों का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने आमजनों से अपील किया है कि ग्रामों में आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराए और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर: कोमाखान ब्लॉक में बूथ एवं पंचायत कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

कोमाखान ब्लॉक के मंडी रेस्ट हाउस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में बूथ एवं पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटियों के गठन और संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समय-सीमा के भीतर कमेटियों के गठन को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही कांग्रेस की असली ताकत है, और



यही आगामी चुनावों में सफलता की आधारशिला बनेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने, प्रत्येक पंचायत तक संगठन को सक्रिय करने तथा जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में कोमाखान ब्लॉक प्रभारी समीम खान, जिला उपाध्यक्ष फिरोज मेमन, गणेश शर्मा, मनोहर ठाकुर, हरिशंकर यादव, बसंता ठाकुर, लीलाधर चंदाकर, ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, नरेंद्र जैन, प्रदीप यादव, गोलू जैन, वाजिद खान, कुमार ठाकुर (सरपंच प्रतिनिधि), भुवन साहू, राजेंद्र गुप्ता, तुलाराम ठाकुर, सविता ठाकुर, डूमरौतिन ठाकुर, हेमलाल साहू, शिवचरण कुर्रे, नमीचंद साहू, जितेंद्र छत्री, मोहर चक्रधारी, हेमलाल दीवान, नारायण सिन्हा, भरथरी महानंद, विक्की खान, डिगेश बाघ, पुरुषोत्तम साहू, रामकुमार साहू, लूरकुमार, जलील खान, रामलाल नायक, आशीष दीवान, अंजोर सिंह ठाकुर, आकाश चंदाकर, वसीम रजा, पहरू सिंह ठाकुर, राजू जैन, सुनील निर्मलकर, सनद ठाकुर, सोहन यादव, दुबेन्द पटेल, नाथू ठाकुर, सुबन यादव, मंगलराम ठाकुर, रोहित साहू, अनूकी सेन, राजेश त्रिपाठी, अमित चंदाकर, देवेंद्र यादव, मुकेश यादव, विक्की भदरसी, श्यामलाल यादव, प्रीतम साहू, रोशन तारक, किशन ठाकुर, सुरेश कुमार यादव, बहादुर चक्रधारी, कंवल साहू, द्वारका ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार अभियान को तेज करने तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया।

### राधाकृष्ण मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, 6 से 10 तक प्रतिदिन कंस दरबार, आकर्षण मीना बाजार

**सरायपाली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में मशहूर विकासखंड के धार्मिक एवं भक्ति ग्राम केना में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य राधाकृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया गया है। नवनिर्मित इस मंदिर में राधाकृष्ण की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 8 से 12 अप्रैल तक श्रद्धा-भक्ति, उत्साह और भक्तिमय माहौल में भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार और वैदिक रिवाजों के बीच युग्म सरकार (राधा-कृष्ण) की प्रतिमाओं को मंदिर के गर्भ-गृह में स्थापित किए जाएंगे।

गांव के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा। क्योंकि, यहां पहली बार राधाकृष्ण मंदिर की स्थापना होगी। पूरे आयोजन के दौरान गाँव भक्तिमय माहौल में डूबा रहेगा। मंदिर में लगे घंटों के गूंज के बीच राधेकृष्ण के जयघोष से पूरा गांव गूंज उठेगा तथा भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो जाएगा। इस शुभ अवसर पर जनप्रतिनिधि, भक्तगण और ग्रामीण श्रद्धालु स्वयं को कृष्णमय महसूस करते हुए निरंतर 5 दिन तक भक्तिभाव से शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। कुल पुरोहित पं.खिरोद्र कर, पं.विद्याधर दास, यज्ञाचार्य पं.त्रिलोचन कर विधि-विधान से पूजन कार्यक्रम कराएंगे। 8 अप्रैल को कायाशुद्धि, प्रायश्चित, कलश यात्रा-मंडप प्रवेश-सूर्यदेव पूजन, 9 को मंडप पूजन-वेदीपूजन, सूर्यदेव आवाहन पूजन-अग्नि स्थापन, विग्रह नगर भ्रमण, विष्णु सहस्त्र नाम पठन, आरती, 10 को सर्वदेव पूजन, हरिद्राधिवास यूपराज पूजन, धान्याधिवास-पुष्पाधिवास, भगवद्गीता पठन, हवन-पूजन आरती, 11 को सर्वदेव पूजन, अष्टप्रहरी प्रारंभ, विग्रह महास्नान प्राण-प्रतिष्ठा, प्रासाद स्नान-अधिवास, विष्णु सहस्त्रानाम पठन-हवन आरती, 12 को यूपराज स्थापन, शिखर कलश स्थापन, ध्वजारोहण, विग्रह स्थापन, पूर्णाहुति-महाआरती-प्रसाद सेवन। विशेष रूप से भव्य कलश यात्रा, महायज्ञ, प्रतिदिन विशाल महाभंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक वीर बजरंग गणनाट्य हिर्लिपाली (ओडिशा) तथा 11-12 को माँ पूर्णमासी अपेरा बांकीपाली (ओडिशा) द्वारा रात्रि नाटक प्रस्तुति, अष्टप्रहरी नामयज्ञ के साथ प्रतिदिन संध्या 6 से 10 तक कंस दरबार, मीना बाजार आदि आकर्षण के केंद्र होंगे। केना ग्रामवासियों ने इस ऐतिहासिक क्षण में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव पर सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान लला के सामने हवन पूजन हुआ। पं. नारायण प्रसाद शर्मा ने विधि विधान से हनुमान लला की मूर्ति पर पंचामृत स्नान व चोला अर्पण के बाद हवन पश्चात आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ट्रस्ट कमेटी के दाउलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, मुकेश अग्रवाल झलप, बाबूलाल साहू इत्यादि मौजूद रहे।

### 27 महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का हुनर

**महासमुंद।** बड़ौदा आरसेटी में 31 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार के लिए कौशल विकास प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 27 युवतियों ने भाग लिया एवं प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए सिलाई कार्य में दक्षता प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिलाई की आधुनिक तकनीक, मशीन संचालन, डिजाइनिंग तथा स्वरोजगार स्थापित करने से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष दिशा दीवान उपस्थित रही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान ने कहा कि बड़ौदा आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवतियां आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने युवाओं एवं युवतियों को प्रेरित किया तथा बिहान समूह से जुड़कर स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारीगण, प्रशिक्षक एवं सभी प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

ओंकारबंद में तीन दिवसीय संगीतमय मानस गान का आयोजन

# श्रीराम कथा के जरिए आदर्श-मूल्यों को सीखना समाज के लिए जरूरी : जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ग्राम ओंकारबंद (खल्लारी-भीमखोज) में चल रहे तीन दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरित मानस गान के तीसरे दिन रामभक्ति अनुराग मानस परिवार बालोद, सुर साधना बालिका मानस परिवार धमतरी, आदर्श मानस परिवार बेमेतरा, नवज्योत मानस परिवार ओडिशा ने अपनी भक्ति मय मनमोहक प्रस्तुति दी, जो छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मंडलिया में से है। विभिन्न जिलों से प्रस्तुति देने पहुंचे सभी मंडलियों के व्याख्याकारों ने कहा कि राम चरित मानस की व्याख्या बड़े-बड़े ऋषि मुनि नहीं कर पाए, हम सब तो अबोध प्राणी है। क्योंकि राम कथा अथाह है, जिसकी गहराई मापना असंभव है। राम और भरत जैसे त्यागी जीवन आज के युग के किसी के वश की बात नहीं अपने बड़े भाई को राजगद्दी में बैठाने सेवा करने के लिए सारे राजकीय सुखों को भगवान भरत ने ठुकरा दिया।



श्रीरामचरितमानस गान कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ओंकारबंद के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने कहा कि राम कथा के जरिये समाज में आदर्श मूल्यों को सीखना वर्तमान युवा पीढ़ी एवं समाज के लिए अतिआवश्यक है। एक समय होता था, जब टेलीविजन पर रामायण महाभारत जैसे धार्मिक सीरियल के चलने से गाँवों में कर्फ्यू जैसा माहौल बन जाता था, उस दौरान एक भी व्यक्ति बच्चा, बूढ़ा, व्यस्क कोई भी सीरियल को छोड़ना नहीं चाहता है। एक टेलीविजन पर सैकड़ों लोग रामायण का आनंद लिया करते थे। वर्तमान समय में ऐसा देखने में नहीं आ रहा।

कार्यक्रम के दौरान जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ, दूष्यंत चंद्राकर सरपंच ओंकारबंद, चंदूलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज खल्लारी, शांत साहू, कामता प्रसाद चंद्राकर, प्रेम लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, सीमा चंद्राकर, दुर्गावती ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, बोहरण ठाकुर, जीतू सिन्हा, मेवा सिन्हा, टीकम सिंह ठाकुर, पंचराम बरिहा, संतोष देवांगन, मोनू चंद्राकर, रोशन चंद्राकर देवेंद्र ठाकुर, रवि चंद्राकर, दशरथ यादव, चंदू ध्रुव, चंद्रशेखर चौहान, प्रयांशु ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में महांती समाज ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग करण महांती समाज ने 1 अप्रैल को उत्कल दिवस बड़े उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर मां तारिणी मंच, महांती युवा मंच के तत्वावधान में आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान जगन्नाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। समाज के वरिष्ठ सदस्यों किशोर चंद्र महांती, मनोहर महांती, किशोर कुमार महांती, राज किशोर महांती एवं प्रताप महांती ने सभी समाजजनों, परिजनों एवं उत्कलवासियों को उत्कल दिवस की बधाई दी। रक्तदान शिविर में लगभग 70 सामाजिक सदस्यों ने रक्तदान किया। जिसमें प्रभात महांती, विकास रिंकू, दिनेश, तरूण, निखिल, उत्कर्ष, जितेंद्र, राजा, रजत, ज्योति, इंदिरा, प्रीति, तनूजा, समीक्षा, तारा, गायत्री, रसना, अकाव्या, सुमन, सीमा, मिली, पिंकी, गौरी, भारती, पुष्पा, वर्षा, रश्मि, रंजिता, रजनी, शारदा महांती आदि शामिल है। समापन अवसर पर अध्यक्ष संजय महांती, माँ तारिणी मंच की अध्यक्षा सस्मिता महांती एवं युवा मंच के अध्यक्ष मयंक महांती ने सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र दिया। वहीं आशीर्वाद ब्लड बैंक के प्रमुख को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर स्टाफ का आभार जताया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में नगर के फौव्वारा चौक में स्व. ध्रुवचरण महांती एवं स्व.महादेवी महांती की स्मृति में प्याऊ का उद्घाटन ज्योति महांती के कर कमलों से किया गया। समाज की समस्त महिला सदस्यों ने राहगीरों को ठंडा शरबत वितरण किया। इस अवसर पर राजेश महांती, आशीष महांती, मयंक महांती, वैभव महांती का विशेष योगदान रहा।

# आत्मानंद विद्यालय तुमगांव के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूल) तुमगांव के छात्रों ने रायपुर में एक ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण में छात्रों ने छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, पुरखौती मुक्तांगन, आदिवासी संग्रहालय (छत्तीसगढ़ आदिवासी एवं जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय) तथा राम मंदिर का भ्रमण किया। भ्रमण का नेतृत्व प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे और सीनियर लेक्चरर लंकेश कुरिल ने किया। विज्ञान केंद्र में छात्रों ने इंटरएक्टिव गैलरी, प्लैनेटोरियम और विज्ञान मॉडलों के माध्यम से भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान के सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में सीखा। पुरखौती मुक्तांगन में राज्य की लोक संस्कृति, मूर्तिकला और पारंपरिक जीवन को दर्शाती प्रतिमाओं का अवलोकन किया गया। आदिवासी संग्रहालय में छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातियों की परंपराओं, वेशभूषा, औजारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को समझने का अवसर मिला। वहीं, राम मंदिर में छात्रों ने धार्मिक वातावरण का अनुभव किया और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ाव महसूस किया।



प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव उन्हें प्रेरित करते हैं और उनकी जिज्ञासा को बढ़ाते हैं। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी आधुनिक विज्ञान, अपनी सांस्कृतिक जड़ों और नैतिक मूल्यों से जुड़कर बेहतर नागरिक बनें। सीनियर लेक्चरर लंकेश कुरिल ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के लिए यादगार रहा। उन्होंने विज्ञान की दुनिया, प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिकता को एक साथ महसूस किया। भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे। छात्रों ने भ्रमण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए उत्साह व्यक्त किया और अपने अनुभव साझा किए। इस शैक्षणिक यात्रा ने न केवल ज्ञान को बढ़ाया बल्कि छात्रों में अनुशासन, जिज्ञासा और सांस्कृतिक गौरव की भावना भी जगाई। शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के शिक्षक-कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें तिलक शर्मा, पवन कुमार डडसेना, अश्विनी धीवर, कामता प्रसाद साहू, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, नवीन कुमार दास, सजल चंद्राकर, सत्यम पांडे, लोकेश साहू, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, नलिनी ध्रुव, प्रगति साहू, लिली मजखंड, चेतना फेकर आदि सम्मिलित रहे।

### कमार जनजातियों का ऐप के जरिए होगा डिजिटल सर्वे, 30 अप्रैल तक का लक्ष्य

**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले में निवासरत कमार विशेष पिछड़ी जनजाति के डिजिटल सर्वे को लेकर आयोजित किया गया था। शासन की मंशा के अनुरूप अब इन परिवारों का ऑनलाइन ऐप के माध्यम से नए सिरे से दस्तावेजीकरण किया जाएगा। ताकि, शासन की योजनाओं में जरूरत के अनुसार आवश्यक बदलाव कर उन्हें सीधा लाभ पहुंचाया जा सके। कलेक्टर एवं जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष विनय लंगेह कार्य की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। इस पूरे महाअभियान और सर्वे कार्य को 30 अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार जिला नोडल अधिकारी हैं। संबंधित जनपद पंचायतों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विकासखंड नोडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास पर तेजी से कार्य किया गया है। वर्तमान में जिले के तीन विकासखंडों महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा के 76 ग्रामों में यह विशेष पिछड़ी जनजाति निवास कर रही है। इन ग्रामों में कुल 923 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल आबादी 3,309 है। इन परिवारों के व्यक्तिगत दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही उनकी बसाहटों में बुनियादी अधोसंरचना जैसे- पहुंच मार्ग, बिजली और पेयजल की व्यवस्था भी लगभग शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली गई है। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक नीलेश खांडे ने उपस्थित अधिकारियों और मैदानी अमले को ऐप के माध्यम से सर्वे कार्य की विस्तार से जानकारी दी और इस दौरान तकनीकी व व्यावहारिक बातों की भी जानकारी दी गई। सभी 76 बसाहटों में इस सर्वे को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दलों का गठन किया गया है। इस दल में पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि शामिल होंगे।



## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव पर की गई पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई। जिसमें महाराज पीला शंकर, झमन चंद्राकर, मनीष जैन, संतोषी, दुर्गा चंद्राकर, जय चंद्राकर आदि मौजूद रहे। इस साल 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया, जो वानर राज केसरी और अंजना माता के पुत्र हनुमान के जन्म दिवस के रूप में प्रसिद्ध है। रामचरितमानस के सुंदरकांड में हनुमान की भक्ति, शक्ति और बुद्धिमत्ता का विस्तृत वर्णन है, जो चैत्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन हनुमान का जन्म हुआ था और हनुमानजी को कलयुग के जागृत देवता के रूप में देखा जाता है। जिसमें रामजी ने उन्हें कलयुग में लोगों के संकट हरने के लिए आज्ञा दी थी। हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर प्रसाद वितरण किया गया।

### राज्यपाल रमेन डेका आज सरायपाली प्रवास पर



**महासमुंद।** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 को सरायपाली प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9 बजे राजभवन रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सरायपाली में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात राज्यपाल डेका सर्किट हाउस सरायपाली से दोपहर 2.30 बजे सर्किट हाउस संबलपुर ओडिशा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी कल



**महासमुंद।** पं. माखन लाल चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी "युद्ध और शांति" का आयोजन 4 अप्रैल शनिवार सभा प्रांगण पुराना भवन वृंदावन विद्यालय में किया जा रहा है। काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. संजीव कर्मकार वशिष्ठ अध्यक्ष सर्वसमाज समन्वय सभा महासमुंद, प्रदेश सह-संयोजक भारतीय जनता पार्टी छग (शिक्षा प्रकोष्ठ), विशेष आमंत्रित अतिथि एस चंद्रसेन पूर्व उपसंचालक व शिक्षा संभाग रायपुर एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे।

### पॉलिटेक्निक में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**महासमुंद।** बरोंडाबाज़ार स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक में 2 अप्रैल को आर्डीनो और एंबेडेड सिस्टम विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्डीनो प्रशिक्षण किट का उपयोग कर आर्डीनो प्रोग्रामिंग, बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंटरफेसिंग, सेंसर और सरल स्वचालन परियोजनाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। संस्था की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने कार्यशाला की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि आर्डीनो नवाचार का एक शक्तिशाली मंच है।

# बरोली में नल जल योजना अधूरी, गर्मी के साथ बढ़ा जलसंकट

## सरपंच सरोजिनी कौशिक के नेतृत्व में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक कार्य पूरा नहीं हो सका

सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही नल जल प्रदाय योजना बरोली गांव में अधूरी पड़ी है। इस योजना के तहत हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक कार्य पूरा नहीं हो सका है। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत गहराने लगी है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। 1.30 करोड़ रुपए के लागत से बन रहा नल जल आजपर्यंत तक शुरू नहीं हुआ है।

### गर्मी में बढ़ी समस्या, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

गांव के लोगों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में जल संकट चरम पर पहुंच चुका है। ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये की योजना हेतु स्वीकृत दी थी, लेकिन अब तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। पंचायत एवं ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी को भुगतान हो चुका है, फिर भी कार्य अधर में लटका हुआ है।



### जल्द समाधान नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

पानी की किल्लत से परेशान ग्राम पंचायत बरोली के सरपंच सरोजिनी कौशिक के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के पंचों ने कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि पानी की विकराल समस्या का समाधान जल्द हो। ज्ञापन सौंपते के समय देवानंद साव उपसरपंच, प्रताप रूद्र साहू, कमलेश साव, चमरू दास मानिकपुरी, हीरालाल पटेल, धोबा चौहान, निर्मल सिदार, सबिलाल पटेल उपस्थित रहे।

### सरकारी दावों और जमीनी हकीकत में अंतर

सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को नल से जल उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन बरोली गांव में यह योजना सिर्फ कागजों में ही चल रही है। गर्मी के मौसम में जल संकट और गंभीर हो सकता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब होगा।

## आयोजन: जनपद सदस्य लोचन पटेल ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# मरार समाज नर्राराज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मरार समाज नर्राराज के ग्राम नर्रा में नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एक अप्रैल को सामाजिक भवन में आयोजित किया गया। इस समारोह की शुरूआत मरार समाज की ईष्टदेवी मां भगवती शाकंभरी देवी की तैलचित्र के समक्ष पूजन व आरती कर विधिवत किया गया। यह समारोह सभापति समाज के मार्गदर्शक नेतराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। साथ ही समाज के मार्गदर्शक और संयोजक एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल उपस्थित रहे। इस समारोह में जनपद सदस्य पटेल ने शपथ दिलाई गई।

ईश्वर कुल देवता को साक्षी मानकर पदाधिकारियों ने शपथ ली। नवनियुक्त कार्यकारिणी संयोजक लोचन पटेल, संरक्षक सेतराम पटेल, नवीन पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालूराम पटेल, सचिव चंदन पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल और अन्य पदाधिकारियों को पद की



गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने निष्ठा के साथ समाज के संविधान और परपंराओं का सभी ने पालन करने का संकल्प लिया। इसके बाद सेवा समर्पण 2021 से 2026 तक पूर्व पदाधिकारियों को मोमेंटो अंग वस्त्र गमछा एवं श्रीफल देकर सम्मान किया। इस समारोह में खल्लारी राज से आए समाज पदाधिकारी सम्मिलित हुए। स्वागत सम्मान नर्रा समाज द्वारा रोली, चंदन व गमछा भेंटकर किया गया। इसके बाद सभापति के निर्देशानुसार नर्रा और खल्लारी यानी दोनों राज से संबंधित समाज के समक्ष आए इस आवेदन पर त्वरित सुनवाई करते हुए समाज प्रवक्ता की उपस्थिति में दोनों पक्षों का बात सुनी गई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों और पंचों की एक विशेष टीम गणित की गई। वहीं घंटों चली चर्चा के बाद प्रकरण को सुलझाया गया।

इस दौरान उपस्थित खल्लारी राज के पोषणलाल पटेल, अध्यक्ष गैंदलाल पटेल, संयोजक संतराम पटेल, सचिव भूषणलाल, कोषाध्यक्ष भेखराम पटेल, सलाहकार रूपलाल पटेल, देवनारायण पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष थानेश्वर पटेल, प्रचार मंत्री गैंदराम पटेल के अलावा नर्राराज के समस्त पदाधिकारी में अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, दुकालुराम पटेल, राधेश्याम पटेल, सेतराम पटेल, पदुमलाल पटेल, माखनलाल पटेल, चंदन पटेल, अमर पटेल, परमेश्वर पटेल, लक्ष्मण पटेल, नवीन पटेल, गोपाल पटेल, लोकनाथ पटेल, परमेश्वर पटेल, कृष्णचंद पटेल, बसंती पटेल, अमोतीन पटेल, प्रभा पटेल, प्रमिला पटेल, जगदीश पटेल, पीलादाउ पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, संतराम पटेल, शुक्ला पटेल, रघुलाल पटेल, गणेश पटेल, लीलाराम पटेल, मुरली पटेल, दयाराम पटेल, लखन पटेल, भागी पटेल, उत्तम पटेल समेत समाज के लोग उपस्थित रहे।

# 'रेल से भरोसा टूटे-टोल टैक्स से पसीना छूटे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के

### टोल टैक्स में 5 प्रतिशत की वृद्धि जनता के साथ अन्याय



उपाध्यक्ष व पीसीसी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि टोल टैक्स में केंद्र सरकार द्वारा की गई 5 प्रतिशत की वृद्धि आम जनता को जहां महंगाई की मार देने वाली है, गैस, पेट्रोल डीजल में सरकार की नाकामी को छिपाने का एक खेल है।

आलोक चंद्राकर ने कहा कि जनता के परिवहन का सबसे विश्वनीय साधन रेल को जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने अविश्वसनीय बना दिया है, कब ट्रेन कैंसिल हो जाएगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। ऐसी स्थिति में जनता सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे हैं। कॉरीडोर के नाम पर जगह-जगह टोल टैक्स से जनता परेशान है। हर 100 किमी में 65 से 95 रुपए का टोल रूपी मार जनता झेल रही है। टोल कंपनियों को लाभ देने सरकार तुगलकी निर्णय ले रही है। टोल कंपनियां दुर्गतिपूर्ण सड़क की मरम्मत ना कर सिर्फ वसूली में लगे है। टोल में सुविधाओं का पूरा अभाव है। यहां तक रात में टोल अघोषित पार्किंग अड्डा बना रहता है, जिससे अनेक घटनाएं सामने है। ऐसी दशा में टोल टैक्स में बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय और टोल कंपनियों पर केंद्र की भाजपा सरकार का प्रेम उजागर होता है। फास्टैग नहीं होने पर नगद में दोगुना टैक्स वसूलना सरकारी आतंक नहीं तो और क्या है। सड़क निर्माण के समय ही लागत के अनुसार टैक्स की दर होने के बाद सड़कों की दशा खराब ही होती है।

कंपनी अपने अनुसार सुधार कार्य में विलंब कर जनता की सुविधा में बाधा डालती रहती है। केंद्र सरकार जनता की सुविधा से बेसुध रहती है, इसलिए टोल टैक्स में बढ़ोतरी कंपनियों को फायदा और जनता के जेब में डाका डालने वाला निर्णय है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में की गई पूजा अर्चना, शीतला मंदिर चौक पर स्व. नारायण गुप्ता की स्मृति में बने हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ के बाद हवन किया गया। परिवार द्वारा शरबत एवं प्रसाद वितरण किया गया। पुराने बस स्टैंड के मंदिर में राम जानकी मंदिर के पुजारी द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ किया गया। उपरांत बूंदी प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अतुल गुप्ता, शम्मी सलूजा, किशन कोसरिया, सागर साहू, हरिकिशन अग्रवाल, दुर्गेश ध्रुवंशी का विशेष सहयोग रहा। समीप के ग्राम लखनपुर में भी मंदिर चौक, गौरा गौरी चौक, पंचायत भवन के पास के हनुमान मंदिर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कमल कौशिक, भूपेंद्र यादव, वीर सिंग, चोवा ध्रुव, नरेंद्र कौशिक प्रमुख थे। झलप व्यापारी संघ, ग्रामीण विकास समिति एवं समस्त हिंदू संगठनों द्वारा 7 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# सिख समाज नानकसागर का गठन, हरपाल सिंह बने अध्यक्ष, अन्य पदों पर भी हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सिख समाज नानक सागर छत्तीसगढ़ की पहली बैठक रायपुर स्थित बेबीलोन होटल में हुई, जिसमें प्रदेशभर से समाज के प्रमुख लोगों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत वाहेगुरु के सिमरन के साथ हुई और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में हरपाल सिंह ओबेरॉय को सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संरक्षक पदों पर भी नियुक्तियां की गईं। संरक्षक के रूप में बाबा साहेब सिंह, अमरजीत सिंह छाबड़ा, बलदेव सिंह भाटिया, इंद्रजीत सिंह गोल्डी और जगजीत सिंह खनूजा को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष



पद पर देवेंद्र सिंह आनंद, परमिंदर सिंह भाटिया, हरिकिशन सिंह राजपूत, जसविंदर सिंह भाटिया और बलबीर सिंह जटाल को चुना गया। संयुक्त सचिव के रूप में जसपाल सिंह खैरा, हरजिंदर सिंह तथा अमृतपाल सिंह रिंकू ओबेरॉय का चयन हुआ, जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी बलदेव सिंह भुई को सौंपी गई। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्यों में जगपाल सिंह जटाल, जितेंद्र सिंह चक्रेल, तरसेन सिंह जटाल, जसपाल सिंह सिद्धू, अमरजीत सिंह बग्गा, महेंद्र सिंह राजपाल, कुलदीप सिंह, अरविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह अरोरा एवं चरनपाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लीगल एडवाइजर जीएस बांबरा ने समिति पंजीयन की प्रक्रिया एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने समिति के संचालन एवं गुरुद्वारा निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी से एकजुट होकर कार सेवा में भाग लेने का आह्वान किया। संरक्षक परमिंदर सिंह भाटिया ने बताया कि महासमुंद जिले के ग्राम नानक सागर में सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव के दो दिन विश्राम करने का ऐतिहासिक प्रमाण मिला है। इस पवित्र स्थल पर भव्य गुरुद्वारा निर्माण का कार्य समाज के सहयोग से प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी।

# विपक्षी भाजपा को जहर लगने वाला शराब सरकार बनते ही अमृत लगने लगा : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर कहा कि विपक्ष में रहते जिस भाजपा को शराब जहर लगता था, सरकार में आने के बाद वही शराब अब अमृत लगने लगा है। भाजपा ने पूरे 5 साल छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी की मांग की, सरकार में आते ही प्रदेश में शराब की खपत बढ़ाने नई-नई शराब दुकानें खोले और अब शराब के दाम बढ़ाकर प्रदेशवासियों को लूटने का काम किया है। भाजपा की साय सरकार ने पहले शराब के दाम कम कर प्रदेशवासियों को शराब का लत लगाया। अब 20 से 100 रुपए तक प्रति बोतल बढ़ाकर कमीशनखोरी कर रही है। ऊपर से शराब को प्लास्टिक बोतल में बेचने का निर्णय भी लिया गया है, जो जन स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में भारी अंतर है। प्रदेश में विपक्ष में रहते भाजपा ने अनगिनत धरना-आंदोलन किए। पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर खूब आडंबर रचे। लेकिन, सरकार बनते ही भाजपा ने सबसे पहले शराब नीति बनाकर राजस्व बढ़ाने पर जोर



दिया। राजस्व बढ़ाने के नाम पर शराब कंपनियों को प्रदेश में शराब बिक्री के लिए आमंत्रित किया। पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में ही पिछले 2 साल में 10 नई शराब की दुकानें खोल दी गई। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अब शराब के चंगुल में फंस गए। आज शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के युवा, बच्चे, बुजुर्ग, किशोर उम्र के बच्चे इस कदर शराब के नशे में डूब चुके हैं, कि नशे के लिए अपराध करने से भी पीछे नहीं हटते। वे शराब के आदी हो चुके हैं। ऐसे में सरकार द्वारा शराब का दाम बढ़ाकर लोगों पर एक और अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। चंद्राकर ने कहा कि शराब की नई-नई दुकानें खोलकर, शराब के दाम बढ़ाकर, शराब को प्लास्टिक बोतल में बेचकर भाजपा की साय सरकार जनता को लूटने का प्रयास तो कर ही रहा है, अब प्लास्टिक की बोतल में शराब बेचकर जन स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ करने की तैयारी है। इससे कैंसर जैसे घातक बीमारी भी हो सकती है। 5 साल तक शराबबंदी की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी जनता को लूटकर शराब से काली कमाई करके अपने जेब भरने में लगी हुई है।

## रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने की पत्रकारों से चर्चा

# धर्म स्वातंत्र्य कानून से अवैध धर्मांतरण पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राज्य सरकार द्वारा हाल ही में विधानसभा सत्र में पारित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को लेकर रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा है कि यह कानून अवैध धर्मांतरण कराने वालों के लिए बड़ा झटका साबित होगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी लंबे समय से इस तरह के सख्त कानून की मांग कर रहे थे, जिसे साय सरकार ने मूर्त रूप दिया है।

विधायक मिश्रा नगर के पत्रकार रमेश सिन्हा के यहां आयोजित एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने पिथौरा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों में वर्षों से संगठित तरीके से धर्मांतरण की घटनाएं सामने आती रही हैं। अब यह प्रवृत्ति मैदानी क्षेत्रों में भी बढ़ने लगी थी, जो प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं के



लिए चिंता का विषय बन गई थी। ऐसे में इस कानून की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने पूर्व की भूपेश सरकार और वर्तमान साय सरकार के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि जहां पहले किसानों को धान का भुगतान किस्तों में मिलता था, वहीं अब साय सरकार ने होली से पहले एकमुश्त भुगतान कर किसानों को राहत दी है। इसके अलावा भाजपा सरकार द्वारा कई जनहितकारी योजनाएं लागू की गई हैं।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को धरातल पर उतारते हुए सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक सहायता पहुंचाने का कार्य किया है। हाल ही में भूमिहीन परिवारों के खातों में लगभग 500 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित की गई है। उन्होंने मनरेगा योजना में सुधार का जिक्र करते हुए कहा कि पहले मजदूरों को काम और भुगतान दोनों में परेशानी होती थी, लेकिन अब नई पहल के तहत इसे बेहतर बनाया गया है। मजदूरों को अब 100 की बजाय 125 दिनों का रोजगार देने की गारंटी दी जा रही है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना और किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कर प्रदेश के किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान की गई है। विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के हर वर्ग को लाभ पहुंचाना और समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

